न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, महराजगंज।

पत्रांक : 16 /मो0दु0दा0अधि0/महराजगंज/दिनांक 18 फरवरी 2026।

उ0प्र0 शासन के शासनादेश सं0–676/तीस–3–2019 परिवहन अनुभाग–3 दिनांक–09.03.2019 के अनुक्रम में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, महराजगंज के अन्तर्गत **सेवानिवृत्त कर्मियों को संविदा के आधार पर 65 वर्ष की आयु सीमा तक अथवा पूर्णकालिक (सेवा/स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति) कर्मियों की तैनाती होने जो भी पहले हो, के लिए सेवायें प्रदान करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक–16.03.2026 समय 4:00 बजे अपरान्ह त**क पंजीकृत/स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते है। शासनादेश सं0–एम0ए0सी0टी0–73/30.03.2020 परिवहन अनुभाग दिनांक–25.02.2020 के अनुसार मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के रिक्त पदों पर भर्ती पीठासीन अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की जायेगी। रिक्त पदों की संख्या वेतनमान एवं वांछित अर्हतायें निम्नवत् हैः–

क्र0 सं0	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतन बैण्ड व ग्रेड वेतन	वांछित योग्यता एवं अर्हतायें
1–	आशुलिपिक	01	सेवानिवृत्त कार्मिकों की संविदा के आधार पर चयन इस शर्त के अधीन किया जायेगा कि सेवानिवृत्त कार्मिकों को संविदा के रूप में मिलने वाली राशि सम्बन्धित कार्मिकों के अंतिम आहरित वेतन में से शुद्ध पेंशन की धनराशि **(राशिकरण के पूर्व यदि कोई हो)** को घटाने पर प्राप्त होने वाली राशि के बराबर प्रतिमाह मानदेय देय होगा।	माननीय न्यायालय/केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/सरकारी संस्था/सरकारी विभाग/बोर्ड इत्यादि के समान कार्यानुभव रखने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारीगण। **नोट–जिला न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारी को वरीयता दी जायेगी।**

आवेदन करने के लिए आयु दिनांक 01.03.2026 को 60 वर्ष से 65 वर्ष के बीच होगी। दिनांक 28 फरवरी 2026 तक सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारीगण आवेदन के लिए अर्ह होंगे।

उपरोक्त पद हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपना **आवेदन–पत्र (जिसमें नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, स्वप्रमाणित फोटो एवं सम्पूर्ण पता, मो0नं0 आदि का स्पष्ट उल्लेख हो) के साथ आवश्यक अभिलेख यथा शैक्षिक प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र सेवानिवृत्त पेंशन प्रपत्र** इत्यादि संलग्न कर कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, महराजगंज के पते पर प्रेषित करें। अंतिम तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन–पत्र पर विचार नही किया जायेगा। चयन हेतु गठित समिति के अध्यक्ष को समस्त आवेदन–पत्रों को **स्वीकृत/अस्वीकृत** करने का सम्पूर्ण अधिकार होगा। साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को उनके मोबाईल/टेलीफोन नम्बर पर सूचना दी जायेगी।

(अखिलेश कुमार पाठक)
पीठासीन अधिकारी,
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण,
महराजगंज।

प्रतिलिपिः–1–एक प्रति जिला न्यायालय तथा कलेक्ट्रेट, महराजगंज के सूचना पट पर सामान्य सूचना हेतु चस्पा किया जाय।
2–जन सामान्य को सूचना हेतु निःशुल्क प्रकाशन के लिए सूचनाधिकारी महराजगंज को प्रेषित किया जाय।
3–माननीय उच्च न्यायालय, तथा एन.आई.सी. महराजगंज की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित किया जाय।

18.2.26
(अखिलेश कुमार पाठक)
पीठासीन अधिकारी,
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण,
महराजगंज।